8 अध्याय

# ऑस्ट्रेलिया

**इस अध्याय में आप सीखेंगे किः**

- आस्ट्रेलिया का सामान्य परिचय एवं उसकी सामाजिक आर्थिक स्थिति कैसी है।
- आस्ट्रेलिया अन्य महाद्वीप से कैसे और किन-किन बातों से अलग है।

## परिचय (Introduction)

पूरी तरह से दक्षिणी गोलार्द्ध मे अवस्थित यह महाद्वीप विश्व का सबसे छोटा महाद्वीप है। इस महाद्वीप मे ऑस्ट्रेलिया, न्यूज़ीलैंड एवं प्रशान्त महासागर में बिखरे छोट-बड़े द्वीपो को शामिल किया जाता है, यहाँ के अधिकतर द्वीपो की उत्पत्ति ज्वालामुखी उद्‌गार या प्रवाल के द्वारा हुआ है।

ऑस्ट्रेलिया को महाद्वीपीय देश, प्यासी भूमि का देश, कंगारूओ का देश एवं जीवित जीवाश्मो का देश कहा जाता है। इसके लगभग मध्य से होकर मकर रेखा गुजरती है।

ऑस्ट्रेलिया की खोज एक अंग्रेज नाविक कैप्टेन जेम्स कुक ने सन् 1770 में की। ऑस्ट्रेलिया 6 स्वशासी राज्यों तथा 2 केन्द्र शासित क्षेत्र में है।

**तालिका 8.1ः आस्ट्रेलिया के प्रमुख शहर**

| प्रमुख शहर | | देश |
|---|---|---|
| 1. पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया | — | पर्थ (ऑस्ट्रेलिया का सबसे बडा राज्य) |
| 2. उत्तरी क्षेत्र | — | डार्विन |
| 3. द. ऑस्ट्रेलिया | — | एडीलेड |
| 4. क्वींसलैंड | — | ब्रिसबेन |
| 5. न्यू साउथ वेल्स | — | सिडनी |
| 6. विक्टोरिया | — | मेलबर्न |

## भौतिकी भूगोल (Physical Geography)

### सागर समुद्र और जलसन्धि

**महासागर**—आस्ट्रेलिया के पूर्व मे प्रशान्त महासागर, दक्षिण में दक्षिण महासागर और पश्चिम में हिन्द महासागर अवस्थित है।


**सागर**—इसके उत्तर में अराफुरा सागर उत्तर पूर्व में कोराल सागर, दक्षिण पूर्व मे तस्मान सागर और उत्तर पश्चिम मे ट्रिमन सागर अवस्थित है।

**वॉस जलसंधि**—यह तस्मानिया और ऑस्ट्रेलिया को अलग करता है और प्रशान्त महासागर और द. महासागर की जलराशियों को मिलाता है।

**टोरेस जलसंधि**—यह पपुआ न्यू ग्रिनी द्वीप को ऑस्ट्रेलिया से अलग करता है और कोराल सागर तथा अराफुरा सागर की जलराशियों को मिलाता है।

**तालिका 8.2ः प्रमुख खाड़ी एवं बेय**

| खाड़ी | बेय |
|---|---|
| • कार्पेन्ट्रिया की खाड़ी | • शार्लोट की राजकुमारी |
| • स्पेन्सर की खाड़ी | • शूल बेय |
| • एडमिरल्टी की खाड़ी | • मुठभेड़ बेय |
| • कैंब्रिज की खाड़ी | • डुबटजुल द्वीप बेय |
| • यूसुफ बोनापार्ट की खाड़ी | • शार्क बेय |
| • महान ऑस्ट्रेलियाई बाइट | • कोलिअर बेय ब्रंसविक बेय |




चित्र 8.1: ऑस्ट्रेलिया और प्रशांत द्वीप

**तालिका 8.3: प्रमुख द्वीप**

| द्वीप | स्थित |
|---|---|
| • न्यू गिनि | • पापुआ न्यू गिनी |
| • उत्तरी द्वीप | • न्यूज़ीलैंड |
| • दक्षिणी द्वीप | • न्यूज़ीलैंड |
| • तस्मानिया द्वीप ऑस्ट्रेलिया | |

## पर्वत (Mountain)

- **ग्रेट डिवाइडिंग रेंज**—यह ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी भाग में विस्तृत वलित पर्वत श्रेणी है। इसके दक्षिण भाग में न्यू इंग्लैंड रेंज, लिवरपूल रेंज और आस्ट्रेलियन आलप्स है। इसकी सबसे ऊँची पर्वत चोटी माउण्ट कोसिको है।
- **ग्रे रेंज**—यह क्वींसलैंड के दक्षिण में विस्तृत पर्वत श्रेणी है।
- **मैकडॉनेल रेंज**—ऑस्ट्रेलिया के मध्यवर्ती भाग में विस्तृत पर्वत श्रेणी है। इसके बीच में आयर्ज राक है।
- **ग्रे रेंज**—यह पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया मे स्थित पर्वत श्रेणी है।
- **हम्सर्सली रेंज**—यह पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया मे स्थित पर्वत श्रेणी है।
- **विक्टोरिया और डार्लिंग रेंज**—इसे आयर्स राक कहते हैं यह रंग बदलती है।

**ध्यातव्य हो कि**

ऑस्ट्रेलिया मे कार्पेन्ट्रिया की खाड़ी से बेय ऑफ एक्सीटर तक निम्न भूमि क्षेत्र विस्तृत और ऑस्ट्रेलिया का अधिकांश भाग पर्वत या पठार है।

## पठार (Plateau)

- **बार्कले पठार**—ऑस्ट्रेलिया के उत्तर में अवस्थित है।
- **किम्बरले पठार**—यह ऑस्ट्रेलिया के उत्तर क्षेत्र मे विस्तृत है।
- **बुकलैण्ड पठार**—यह क्वींसलैंड मे स्थित है।

## उच्च भूमि

- **आर्नहामलैण्ड**—यह उत्तरी क्षेत्र मे विस्तृत अवशिष्ट, उच्च भूमि क्षेत्र है। यहाँ यूरेनियम के भण्डार पाये जाते हैं।
- **नुलारबोर मैदान**—यह द. ऑस्ट्रेलिया के दक्षिण में स्थित मैदानी क्षेत्र है।
- **ग्रेट आर्टीजन**—यह ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड में निम्न भूमि क्षेत्र है। इसे पाताल तोड कुआ कहते हैं क्योंकि इन गहरे कूपों से पानी निरन्तर अपने आप बड़े बंग से बाहर निकलता है।

- **ग्रेट बैरियर रीफ**—ऑस्ट्रेलिया के उत्तर पूर्वी तट (क्वींसलैंड के निकट) के साथ-साथ समुद्र मे एक प्रवात भिप्त (मूगें की चट्टानो की बहुत चौड़ी दीवार जैसी) है, जिसे ग्रेट बैरियन रीफ कहते हैं। इसे पानी के बगीचा भी कहते हैं विश्व प्रसिद्ध इस प्रवाल भित्ति की लम्बाई 1900 किमी से अधिक है। इस प्रवाल भित्ति का निर्माण प्रवाल नाम के अत्यन्त छोटे-छोटे जीवो के अस्थिपंजरों (Coral Polypes) के लगातार जमाव के हुआ है। इस प्रवात की चट्टानो के ऊँचे-नीचे ढाल बोल रिंज है।

## रेगिस्तान

| | | |
|---|---|---|
| ग्रेट सेन्डी डिजर्ट | — | प. ऑस्ट्रेलिया |
| गिब्सन डिजर्ट | — | प. ऑस्ट्रेलिया |
| ग्रेट विक्टोरिया डिजर्ट | — | प. ऑस्ट्रेलिया से द. ऑस्ट्रेलिया तक |
| तनामी डिजर्ट | — | उत्तरी ऑस्ट्रेलिया |
| सिम्पसन डिजर्ट | — | उत्तरी और द. ऑस्ट्रेलिया के मध्य में |
| स्टर्ट स्लोन डिजर्ट | — | द. ऑस्ट्रेलिया, क्वींसलैंड और न्यू साउथ वेल्स मे विस्तारित |

## झील

- **इरी झील**—द. ऑस्ट्रेलिया मे स्थित ऑस्ट्रेलिया की सबसे बड़ी झील है। यह समुद्र तल से 12 मीटर नीचे है। इसे ऑस्ट्रेलिया का मृत हृदय प्रदेश कहा जाता है। यह आंतरिक अपवाह बनाती है। इसमे नदिया भी आकर गिरती है।
- **निराशा झील और कार्नेगी**—यह प्रदेश ऑस्ट्रेलिया मे स्थित खारे पानी की झीले है।

## नदी (River)

- **मरे और डार्लिंग नदी**—यह ग्रेट डिवाइडिंग रेंज से निकलकर एन्काउटर की खाड़ी में गिरती है। इसकी सहायक नदियाँ डार्लिंग मुरूमबुजी तथा लाचलन है।
- **फट्ज़िरॉय नदी**—यह ग्रेट डिवाइडिगं रेंज से निकलर कोराल सागर में गिरती है यह मकर रेखा को चार बार काटती है।

## जलवायु और स्थानीय पवन (Climatic and Local Wind)

मकर रेखा ऑस्ट्रेलिया को दो बारबर भागों मे विभाजित करती है। इसकें उत्तर में उष्ण कटिबंधीय जलवायु तथा दक्षिण में शीतोष्ण कटिबंधीय जलवायु पायी जाती है। ऑस्ट्रेलिया की जलवायु निम्नलिखित कारणो से प्रभावित होती है।

- अंक्षाशीय विस्तार
- समुद्र से दूरी
- ऊचाई
- जल धाराएं

**ध्यातव्य हो कि**

ऑस्ट्रेलिया की ऋतुएं उत्तरी गोलार्द्ध की ऋतुओ के विपरीत होती है उदाहरणस्वरूप जब हमारे देश में ग्रीष्म ऋतु होती है, तब ऑस्ट्रेलिया मे शील ऋतु होती है।

**उष्णकटिबन्धीय जलवायु**—यह ऑस्ट्रेलिया के उत्तरी भाग मे पायी जाती है और यहाँ पर उष्ण कटिबन्धीय वर्षा वन पाये जाते है।

**सवाना जलवायु**—यह ऑस्ट्रेलिया के उत्तरी क्षेत्र क्वीनसलैण्ड और द. ऑस्ट्रेलिया मे पायी जाती है। यहाँ ग्रीष्म ऋतु मे वर्षा तथा शीत ऋतु मे शुष्कता पायी जाती है। यहाँ वृक्षो के साथ लंबी-लंबी घासे पायी जाती है। साथ ही शेर, चीता, तेन्दुआ, जिराफ, जेब्रा, कंगारू इत्यादि जंगली जानवर पाये जाते है।

**मरूस्थलीय जलवायु प्रदेश**—इसके अन्तर्गत ऑस्ट्रेलिया का दो तिहाई भाग आता है इसलिए ऑस्ट्रेलिया को प्यासी भूमि का देश कहते है।

**भूमध्य सागरीय जलवायु**—यह ऑस्ट्रेलिया के पर्थ एवं एडिलेड मे पायी जाती है यह शीत ऋतु मे वर्षा एवं ग्रीष्म ऋतु मे शुष्कता होती है। यहाँ वनस्पतियो मे यूकेलिप्टस पायी जाती है। ऑस्ट्रेलिया इसका जन्मस्थान है यहाँ रसदार फल अंगूर, संतरे, अंजीर आदि भी पायेजाते है।

**शीतोष्ण जलवायु प्रदेश**—इसके अन्तर्गत न्यू साउथ वेल्स, विक्टोरिया और दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के कुछ भाग आते है। यहाँ शीतोष्ण घास के मैदानो को 'डाउन्स' कहते है। यहाँ गेहूँ की खेती अधिक की जाती है।

**ब्रिटिश तुल्य जलवायु**—इस प्रकार की जलवायु तस्मानिया मे पायी जाती है और यहाँ पछुआ पवनो से साल भर वर्षा होती है यहाँ चौड़ी पत्ती वाले शीतोष्ण वन पाये जाते है।

### *स्थानीय पवन*

- **सदर्ली वस्टर**—दक्षिणी पूर्व ऑस्ट्रेलिया मे चलने वाली ठण्डी पवनो को सदर्ली वस्टर कहते है।
- **ब्रिकफील्डर**—दक्षिणी ऑस्ट्रेलिया मे चलने वाली गर्म पवनो को ब्रिक फील्डर कहते है।

## वन्य जीव प्राणी (Wild Life)

**प्लेटिपस**—यह संसार की सबसे विचित्र जन्तु है। पशु और पक्षियो के मिश्रित लक्षणो वाला यह जीव पानी के अन्दर जीवित रह सकता है, भूमि पर चलता-फिरता है और जमीन के अंदर लंबी सुरंग खोद लेता हैं चार पैरो वाला यह जीव पक्षियो की तरह अंडे देता है।

**ऐमू**—यह बडे आकार का पक्षी है परन्तु उड़ नहीं सकता परन्तु अफ्रीकी शुतुरमुर्ग की भांति तेज चाल से दौड़ सकता है।

**कुकाबर्रा**—इस लाफिंग जैकास भी कहते है, क्योकि इसकी बोली विचित्र हंसी सी लगती है।

**लार्यर बर्ड**—यह संसार के सबसे सुंदर पक्षियो मे से है। यह नकल करने अर्थात मिमिकरी करने मे बड़ी कुशल है। यह पक्षियो के गाने कार के हार्न और कुत्ते की भौकने की आवाज की नकल करने मे माहिर है। कंगारू, वेल्लाबी और कोआल ऑस्ट्रेलिया के धनी वर्ग के प्राणी है।

**ध्यातव्य हो कि**

धनी वर्ग के प्राणियो के पेट के पास खाल की थैली जैसी बनी होती है जिसमे से अपने बच्चे की आसानी से उठाये फिरते है।

## आर्थिक भूगोल (Economical Geography)

### कृषि

ऑस्ट्रेलिया के बहुत बडे भाग मे वर्षा बहुत ही कम होती है। अतः यहाँ के कुल क्षेत्रफल का 15% भू-भाग कृषि योग्य होते हुए भी मात्रा 4% भू भाग पर खेती की जाती है। अधिकतर कृषि देश के-दक्षिणी-पश्चिमी, दक्षिण-पूर्वी तथा पूर्वी तटीय भागो मे होती है। जहाँ पर्याप्त मात्रा मे जल मिलता है। ऑस्ट्रेलिया भी भारत की तरह कृषि प्रधान देश है।

**नोटः** गेहूँ ऑस्ट्रेलिया की सबसे महत्वपूर्ण खाद्य फसल है। जौयई और मक्का यहाँ की अन्य खाद्य फसले है।

**तालिका 8.4: प्रमुख फसलें**

| प्रमुख फसलें | देश |
|---|---|
| गेहूँ | न्यू साउथ तथा पश्चिमी आस्ट्रेलिया |
| मक्का | क्वींसलैंड तथा न्यूसाउथ वेल्स |
| गन्ना | क्वींसलैंड |
| तंबाकू | क्वींसलैंड |
| सेव | न्यू साउथ वेल्स |
| अंगूर | पर्थ और एंडिलेड |

### पशुपालन

**भेड पालन**—ऑस्ट्रेलिया मे विश्व की एक तिहाई भेड़ पाली जाती है। चीन के बाद यह विश्व की दूसरा सबसे बडा भेड़पालन राष्ट्र है। भेड़ो को मुख्यता ऊन के लिये पाला जाता है। मर्रे और डार्लिंग नदियो के बीच फैला क्षेत्र भेड़पालन के लिए सर्वाधिक उपयुक्त है। यहाँ मैरिनो जाति की भेड़े पाली जाती है इन भेड़ो से सबसे अच्छी ऊन मिलती है। ऑस्ट्रेलिया मे भेड़ पालन केन्द्रो को स्टेशन तथा इन केन्द्रों मे काम करने वाले मजदूरो को जेकारू कहा जाता है।

**ध्यातव्य हो कि**

- क्वींसलैंड और साउथ वेल्स भेड़ पालन के प्रमुख राज्य हैं।
- विश्व के चार शीर्ष ऊन उत्पादक देश—चीन, ऑस्ट्रेलिया, न्यूज़ीलैंड एवं ईरान है।

**डेरीफार्मिंग**—न्यूसाउथ वेल्स और विक्टोरिया डेरीफामिंग के लिए प्रसिद्ध है। ऑस्ट्रेलिया विश्व मे दुग्ध एवं दुग्ध उत्पाद के निर्यात मे अग्रणी है।

**पशुचारण**—अच्छा मांस देने वाले पशु क्वींसलैंड तथा उत्तरी क्षेत्र की घासभूमियों पर पाले जाते है। क्वींसलैंड मांस का का सर्वाधिक उत्पादक तथा निर्यातक राज्य है।

**घास भूमिया**—ऑस्ट्रेलिया की घास भूमियाँ दो प्रकार की हैं— उष्णकटिबंधी, शीतोष्णकटिबंध

**तालिका 8.5: उष्णकटिबंधीय और शीतोष्णकटिबंधी घास के मैदानों के बीच अंतर**

| उष्णकटिबंधी | शीतोष्णकटिबंध |
|---|---|
| • उष्णकटिबंधी घासभूमियाँ उत्तर मे फैली है। इन्हे सवाना कहते है। | • शीतोष्णकटिबंध घासभूमियाँ मर्रे और डार्लिंग नदियो की द्रोणियो मे फैली है। जहाँ इन्हे डाउस कहते है। |
| • सवाना मे साल्ट ब्रुश और मुल्गा नामक पौधे की झाडियाँ उगाई जाती हैं। | • डाउन्स में जहाँ-तहाँ यूकेलिप्टस के पेड़ उगते है।<br>• डाउन्स 'आस्ट्रेलिया की पार्क भूमि' के नाम से प्रसिद्ध है। |

## खनिज

**तालिका 8.6: प्रमुख खनिज**

| प्रमुख खनिज | | क्षेत्र / स्थान |
|---|---|---|
| लौह अयस्क | — | पिल्बारा क्षेत्र, आयर प्रायद्वीप |
| सोना | — | पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया राज्य का कालगूर्ली तथा कूलगार्डी विश्व प्रसिद्ध स्वर्ण खाने है दानो स्थानो ऑस्ट्रेलिया मे स्वर्ण नगरी के रूप मे प्रसिद्ध है। |
| बॉक्साइट | — | क्वींसलैंड राज्य मे स्थित वीपा बाक्साइट के विश्वप्रसिद्ध निक्षेपो मे एक है। |
| जस्ता और चांदी | — | न्यूसाउथ वेल्स राज्य मे स्थित ब्रोकन हिल लेड |
| तेल एवं प्राकृतिक गैस | — | उत्तरी प्रांत मे स्थित एलिस स्प्रिंग मे विशाल तेल और प्राकृतिक गैस के भण्डार है। |
| यूरेनियम | — | आर्नहमलैण्ड क्षेत्र (विश्व मे तीसरा स्थान) |
| टिन | — | तस्मानिया |

## जनजातियां

***अन्य***

- ऑस्ट्रेलिया की 60% जनसंख्या 8 शहरो मे निवास करती है। सिडनी, कैनबरा, मेलबर्न, ऐडिलेड, पर्थ डार्विन, ब्रिसबेन, हार्बट।
- ऑस्ट्रेलिया की अधिकांश जनसंख्या (85% से अधिक) शहरो में निवास करती है फिर भी ऑस्ट्रेलिया कृषि प्रधान देश है। ऑस्ट्रेलिया के 4-5% भाग मे कृषि कार्य किया जाता है। फिर भी ऑस्ट्रेलिया कृषि प्रधान देश है। ऑस्ट्रेलिया मे विस्तृत कृषि की जाती है।
- ट्रांस ऑस्ट्रेलिया रेलवे मार्ग—ये पर्थ से लेकर सिडनी तक है अर्थात देश के आरपार जानेवाला मार्ग है। इसकी कुल लम्बाई 4000 किमी है।
- न्यूज़ीलैंड, दक्षिणी प्रशांत महासागर में, ऑस्ट्रेलिया के दक्षिण पूर्व मे ऑस्ट्रेलिया से लगभग 2000 किमी की दूरी पर अवस्थित है।
- न्यूज़ीलैंड की खोज आबेल तस्मान (पुर्तगाली यात्री) ने किया था जिसे सन 1796 मे कैप्टन जेक्स कुक द्वारा प्रमाणित किया गया
- न्यूज़ीलैंड को दक्षिण का ब्रिटेन भी कहा जाता है।
- न्यूज़ीलैंड 23 द्वीपो के देश है।

| | | |
|---|---|---|
| द्वीप | | 1. उत्तरी द्वीप 2. दक्षिणी द्वीप 3. स्टीवर्ट द्वीप |
| जलसंधि | — | 1. **कुक जलसन्धि**—यह उत्तरी द्वीप और दक्षिणी द्वीप को अलग करता है।<br>2. **फोवेक्स जलसन्धि**—यह दक्षिणी द्वीप और स्टीवार्ट द्वीप को अलग करता है। |
| खाड़ी | — | 1. बेय ऑफ प्लेंटी |
| पर्वत | — | 1. **दक्षिणी आल्पस**—न्यूज़ीलैंड के दक्षिण मे स्थित वलित पर्वत श्रेणी है। इसकी सबसे ऊँची पर्वत चोटी माउटकुक है।<br>2. तारारुआ रेंज और रुआपेहू उत्तरी द्वीप पर स्थित ज्वालामुखी है। |
| मैदान | — | 1. **कैंटरबरी मैदान**—दक्षिणी न्यूज़ीलैंड मे स्थित यह मैदान भेड़ पालन के लिये जाना जात है यहाँ की भेड़ो को कैण्टरबरी मेमना कहते है। |

**मैदान**—न्यूज़ीलैंड की जलवायु ऊँचाई, आक्षांश, समुद्री, जलधराओ इत्यादि से प्रभावित होती है। यहाँ पछुआ पवनों से वर्ष भर वर्षा होती है यहाँ ब्रिटिश तुल्य जलवायु पायी जाती है। इसलिये इसे दक्षिण का ब्रिटेन कहा जाता है।

**स्थानीय पवन**—यहाँ नार्वेस्टर नामक गर्म स्थानीय पवन चलती है।

**कृषि**—गेहूँ, आलू, चुकन्दर, जौ

**डेरी फामिंग**—न्यूज़ीलैंड का कुल क्षुत्रफल का 50% से अधिक भाग चारागाह है। यह डेयरी का अत्यधिक विकास हुआ है न्यूज़ीलैंड संसार का सबसे बडा दुग्ध पदार्थो का निर्यातक देश है।

**वन्य जीव प्राणी**—ऐमू, कीवी तथा कोकाबर्रा यहाँ के विशिष्ट पक्षी है। कीवी न्यूज़ीलैंड का राष्ट्रीय पक्षी है।

**जनजाति**—न्यूज़ीलैंड के मूल निवासी माओरी कहलाते है।

**ध्यातव्य हो कि**

न्यूज़ीलैंड की राजधनी वेलिंगटन है। इसके प्रमुख शहर क्राइसचर्च और हैमिल्टन है।

## अध्याय सार संग्रह

- आस्ट्रेलिया का विस्तार 28°15' दक्षिणी अक्षांश से 54°30' दक्षिणी अक्षांश तक है जबकि देशांतरीय विस्तार 112°9' से 109°12' पूर्वी देशांतर तक है।
- आस्ट्रेलिया महाद्वीप की खोज सन् 1770 ई. में 'जेम्स कुक' ने की थी।
- आस्ट्रेलिया का सबसे ऊँचा शिखर 'कोशिमुस्को' ग्रेट डिवाइडिंग रेंज में ही स्थित है।
- आस्ट्रेलिया का सबसे प्रमुख कृषि क्षेत्र मर्रे-डार्लिंग है जिसकी भूमि सबसे अधिक उपजाऊ है इसी उपजाऊ भूमि को 'रेवरिना' कहा जाता है।
- यहाँ वर्षा की कमी के कारण निम्न भूमि क्षेत्रों में अनगिनत गहरे कुएं खोदे गये हैं जिनसे स्वत: ही तीव्र वेग के साथ जलधारा उत्पन्न होती रहती है, इसके विस्तृत क्षेत्र को 'ग्रेट आर्टीजन बेसिन' कहा जाता है।
- आस्ट्रेलिया की जलवायु के द्वारा उत्पन्न उष्णकटिबन्धीय चक्रवातों का सदैव भय बना रहता है इन्हें 'विली-विली' के नाम से जाना जाता है, सन् 2015 में 20 जनवरी के दिन 'मर्सिया और लाम' नामक चक्रवात आए जिससे सर्वाधिक जान-माल की हानि पहुँची।
- आस्ट्रेलिया में विभिन्न जीव-जन्तु भी पाये जाते है जिनमें से कोकाबर्रा नामक जीव अपनी विचित्र हँसी के द्वारा जाना जाता है, इसे लॉफिंग जेकॉस भी कहा जाता है।
- यहाँ विश्व का एक तिहाई भेड़ पालन किया जाता है, यहाँ की भेड़ों की किस्म 'मेरिनो' है, जिन्हें भेड़ पालन केन्द्रों में पाला जाता है इन केन्द्रो में कार्य करने वाले मजदूरों को 'जेकारू' कहा जाता है।
- आस्ट्रेलिया का सबसे बड़ा नगर सिडनी है जिसका पोताश्रय 'पर्ल हार्बर' विश्व के प्रसिद्ध पत्तनों में से एक है।
- किरीबाती द्वीप की जनसंख्या 10 लाख है यह ऑकलैण्ड, न्यूज़ीलैंड, प्रशांत द्वीप के मध्य क्षेत्र में स्थित इस द्वीप का उच्चतम बिन्दु समुद्र तल से केवल 20 मीटर ऊँचा होने के कारण इसे संकटग्रस्त द्वीप कहा जाता है।